RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

इस कचरे के हम भला, कैसे ज़िम्मेदार।
फैलाएंगे हम इसे, उठवाये सरकार।
उठवाये सरकार, काम ये सारे उसके।
हम तो कूड़ा फेंक, फेर कर मुख को खिसके।
कह साहिल कविराय, फेंक हम कचरा आये।
अब देखे सरकार, उठाये नहीं उठाये।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 66 | TUESDAY DATE 31-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### तेजपुर-डेरगांव में राजनाथ सिंह चुनावी रैली को संबोधित करेंगे



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** असम विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। इसी क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को राज्य में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री का यह दौरा भाजपा के लिए काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इन क्षेत्रों में पार्टी अपनी स्थिति मजबूत करने के प्रयास में जुटी है। उनके संबोधन से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ने और मतदाताओं को अपने पक्ष में साधने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में जानकारी देते हुए लिखा, 'कल, 31 मार्च को मैं असम में चुनाव प्रचार करूंगा। तेजपुर और डेरगांव विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं।'

### चुनाव आयोग ने बुर्जुगों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की प्रक्रिया शुरू की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को आगामी 2026 विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के लिए एक व्यापक घर-घर मतदान पहल की घोषणा की। इसके तहत 23 लाख से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) डाक मतपत्रों के माध्यम से अपना वोट डाल सकेंगे। चुनाव आयोग द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह सुविधा 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं के साथ-साथ मतदाता सूची में चिह्नित दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध होगी। यह कदम चुनावी प्रक्रिया में समावेशिता और सुलभता बढ़ाने के आयोग के प्रयासों का हिस्सा है। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के लिए चुनाव और छह राज्यों में उपचुनाव 15 मार्च को निर्धारित हैं। असम, केरल और पुडुचेरी में मतदान 9 अप्रैल, 2026 को होगा।

## विपक्ष को न बहस में रुचि है, न ही लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय प्रक्रियाओं के प्रति सम्मान: नड्डा



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

राज्यसभा में सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नेता सदन जेपी नड्डा ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले इंडिया अलायंस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को न तो बहस में रुचि है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संसदीय प्रक्रियाओं के प्रति कोई सम्मान है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का आचरण यह दर्शाता है कि उन्हें संविधान और संसद की कार्यवाही के नियमों का भी आदर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब एक सदस्य को शून्यकाल में बोलने का समय दिया गया, तब विपक्षी सांसदों ने लगातार व्यवधान उत्पन्न किया।

दरअसल इससे पहले शून्य काल के दौरान भाजपा सांसद डॉ के लक्ष्मण ने ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी से मुस्लिम समुदाय को बाहर किए जाने का मुद्दा उठाया था। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा था कि ओबीसी आरक्षण का लाभ केवल सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को मिलना चाहिए और इसे धर्म के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के नेता इस विषय पर अपनी बात रखना चाहते थे। लेकिन नियम के मुताबिक ऐसा नहीं हो सका। ऐसे में विपक्ष ने सदन से वॉक आउट किया।

वहीं जेपी नड्डा ने कहा कि यह विपक्ष का यह व्यवहार इस बात का संकेत है कि विपक्ष को लोकतांत्रिक और संसदीय प्रक्रियाओं में विश्वास नहीं है।

## ये मोदी की सरकार है, हथियार उठाने वालों का होगा हिसाब : शाह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों पर चल रही चर्चा के दौरान सदन को संबोधित किया।

अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले मैं रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले पूरे क्षेत्र, जिसमें 12 राज्य और 70 प्रतिशत का भूभाग शामिल थे, उसमें रह रही जनसंख्या की तरफ से सदन को धन्यवाद देना चाहता हूं। गृह मंत्री ने कहा कि आज बस्तर से नक्सलवाद लगभग-लगभग समाप्त हो चुका है।

बस्तर के अंदर हर गांव में स्कूल बनाने की मुहिम चली। बस्तर के अंदर हर गांव में राशन की दुकान खोलने की मुहिम चली। मैं इतना ही पूछना चाहता हूं कि जो लोग कह रहे हैं कि अब तक आदिवासियों का विकास क्यों नहीं हुआ? तो, वो खुद बताएं कि 70 सालों से उन्होंने क्या किया?

उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद देश के हर गरीब को घर मिला, गैस मिला, शुद्ध पीने का पानी मिला, 5 लाख तक का स्वास्थ्य का बीमा मिला, प्रति व्यक्ति, प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज मिला... लेकिन, ये बस्तर वाले क्यों छूट गए थे? अमित शाह ने कहा कि मैं इसलिए कह रहा हूं कि सत्य को झुठलाया जा रहा है। ये बस्तर वाले इसलिए छूट गए थे, क्योंकि वहां लाल आतंक की परछाई थी, इसलिए वहां विकास नहीं पहुंचा। मोदी सरकार में आज वो परछाई हट गई है, और इसलिए आज बस्तर विकास कर रहा है। ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, जो हथियार उठाएगा, उसका हिसाब चुकता होगा। उन्होंने कहा, 'मैं पूछना चाहता हूं कि 75 साल में 60 साल तो शासन आपने किया, आदिवासी अभी तक विकास से क्यों वंचित रहे? आदिवासियों का विकास तो अब नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 60 साल आपने (कांग्रेस) उन्हें घर नहीं दिया, पानी नहीं दिया, स्कूल नहीं बना, बैंक की फैसिलिटी नहीं पहुंचने दिया, इसलिए पहले थोड़ा अपनी गिरेबां में झांककर देखो कि दोषी कौन है।



### पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर हम सब एकजुट रहें, भाजपा ने फैलाई गलतफहमी : प्रियंका

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर चिंता जताई है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमें एक रहना चाहिए लेकिन भाजपा के लोग देश में गलतफहमी फैला रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर केंद्र सरकार से स्पष्ट रणनीति पेश करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में लोगों की जान खतरे में है, क्योंकि लगातार बमबारी हो रही है। ऐसे में सरकार को यह बताना चाहिए कि प्रभावित क्षेत्रों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए क्या योजना बनाई गई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि युद्ध जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करना उचित नहीं है। इस मामले में पूरा देश एकजुट है और सभी की प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि एकजुटता का मतलब यह नहीं है कि समस्याओं पर सवाल न उठाए जाएं। संसद में इस विषय पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए, ताकि सभी दल मिलकर समाधान खोज सकें।

## बिहार विधानसभा ने नितिन नवीन के इस्तीफे की अधिसूचना जारी की



**पटना, यूटर्न/ 30 मार्च।** बिहार विधानसभा ने बांकीपुर से विधायक नितिन नवीन के विधानसभा के इस्तीफे की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी। नितिन नवीन ने राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद विधानसभा से त्याग पत्र दिया था। विधानसभा द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है,' सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि अष्टादश बिहार विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र संख्या-182, बांकीपुर से निर्वाचित सदस्य नितिन नवीन द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 190 (3) (ख) एवं बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-65 के अधीन दिनांक 30 मार्च को सदन से अपने स्थान का त्याग करने के अपने अभिप्राय की सूचना दी गई है।

### एनएसईएल घोटाले में ईडी ने की 19.12 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 19.12 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई मुंबई के एम.आर.ए. मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) इस मामले की जांच कर रही है। जांच में एनएसईएल, उसके निदेशकों, प्रमुख अधिकारियों और 25 डिफॉल्टरों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ईडी की जांच से सामने आया है कि एनएसईएल और उसकेसदस्यों ने बिना किसी असली स्टॉक के कमोडिटी ट्रेडिंग की अनुमति देकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की।

## भाजपा ने नीतीश और बिहार की जनता को ठगा : तेजस्वी यादव

» **पटना, यूटर्न/ 30 मार्च।**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को नीतीश कुमार के विधान परिषद से इस्तीफा दिए जाने को लेकर कहा कि यह तो होना ही था। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा ने बिहार की जनता और नीतीश कुमार, दोनों को ठगा है। तेजस्वी यादव ने कहा, 'नीतीश कुमार का राज्यसभा जाने का निर्णय दबाव में लिया गया है। हम लोग शुरू से कहते रहे हैं कि अगर एनडीए सत्ता में आई तो नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर रहने नहीं दिया जाएगा। आज वही बात साबित हुआ है।'

भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए, उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिहार की जनता के साथ-साथ नीतीश कुमार को भी ठगने का काम किया है। चुनाव में उन लोगों ने जो धनतंत्र और मशीन तंत्र लगाया था, बिहार की महिला मतदाताओं को ठगा है। महिलाओं को चुनाव के समय 10 हजार रुपये दिया गया था और कहा गया था कि और 1.90 लाख रुपए बाद में दिया जाएगा। अब वह कब मिलेगा, पता नहीं।

उन्होंने कहा, 'इसी तरह बिजली की दरों को लेकर भी ठगा गया। 125 यूनिट फ्री बिजली के वादे के बाद बिजली महंगी कर दी गई। कुल मिलाकर यह ठगों की सरकार है। बिहार में सबसे महंगी बिजली है।

## पीड़ितों की समस्याओं का उचित समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 30 मार्च।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं, सभी के प्रार्थना पत्र लिए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है। उन्नाव के बांगरमऊ से आईं ममता तिवारी ने सीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए कुछ लोगों पर मंदिर कब्जा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कब्जा करने वाले लोग मंदिर में पूजा भी नहीं करने दे रहे हैं। सीएम योगी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक को उचित कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। बदायूं से आए एक किसान ने बताया कि कुछ लोगों ने उनकी फसल नष्ट कर दी, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं हो रही। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बलरामपुर से आए एक फरियादी ने बताया कि गांव की सड़क बहुत खराब है। ग्राम प्रधान कई वर्षों से इसका निर्माण नहीं होने दे रहे हैं, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है। इस पर सीएम ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गांव में जाकर ग्रामीणों से बातचीत करें।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### गाजियाबाद की सोसाइटी में बिल्डिंग से कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद की एक सोसाइटी में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। नन्दग्राम थाना क्षेत्र में स्थित राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में सोमवार सुबह एक व्यक्ति ने बिल्डिंग की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। नंदग्राम पुलिस के अनुसार, सोमवार को सूचना मिली कि राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में एक व्यक्ति ने बिल्डिंग से छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। जांच में मृतक की पहचान रघुकुल तिलक (40) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रघुकुल ने सोसाइटी की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है और घटना के पीछे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### सोशल मीडिया पर पिस्तौल के साथ वीडियो-फोटो डालना पड़ा भारी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह के निर्देश पर सोशल मीडिया पर अवैध रूप से हथियारों का प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस तरह की गतिविधियों में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से पिस्तौल भी बरामद हुई है। आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तस्वीरें और वीडियो अपलोड किए थे, जिनमें वह भय पैदा करने और अनुचित ध्यान आकर्षित करने के इरादे से हथियार लहराता हुआ दिखाई दे रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की पहचान और पता लगाने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर कमलेश कुमार - प्रभारी विशेष स्टाफ, एसआई राकेश, एएसआई करतार, हेड कांस्टेबल सुधीर, कुलदीप कांस्टेबल रवि और हेमराज शामिल थे। टीम ने सोशल मीडिया निगरानी और खुफिया जानकारी की सहायता से वीरेंद्र खरब (26) निवासी वीपीओ मुंडेला को अत्याधुनिक पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जाफरपुर कलां थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान वीरेंद्र खरब ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी सोनीपत में 2024 में हुई थी, लेकिन विवादों के कारण मई 2025 में तलाक हो गया था।

# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने पीएम मोदी से मुलाकात की, विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल पद संभालने के बाद यह उनकी प्रधानमंत्री के साथ पहली आधिकारिक बैठक थी, जिसमें हिमाचल प्रदेश के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी को हिमाचल प्रदेश में चल रही विभिन्न प्रमुख पहलों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से ड्रग-फ्री हिमाचल अभियान और टीबी-फ्री हिमाचल अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि ये कार्यक्रम राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। राज्यपाल ने बताया कि इन अभियानों के जरिए नशामुक्त समाज और टीबी जैसी गंभीर बीमारी से मुक्ति पाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है।

कविंदर गुप्ता ने बैठक में यह भी बताया कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान और बागवान धीरे-धीरे रासायनिक खेती से हटकर केमिकल-फ्री खेती की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस पहल को और विस्तार देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निपटारा : आशीष कुमार



**» अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 मार्च। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ-साथ जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

नगराधीश आशीष कुमार सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे, उन्होंने मौके पर अधिकारियों को कहा तय समय सीमा के अंदर संबंधित शिकायतों का निपटारा करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले।

### कोचिंग जा रही छात्राओं से सरेराह छेड़छाड़, जबरन मांगा मोबाइल नंबर

**खोड़ा, यूटर्न/ 30 मार्च।** थानाक्षेत्र में शोहदों की हिम्मत इतनी बुलंद हो गई कि कोचिंग जा रही छात्राओं को रोककर छह-सात लड़कों ने छेड़छाड़ की। जबरन मोबाइल नंबर लिया और अभद्र टिप्पणी भी की। छात्राओं ने घर पहुंचकर जब परिवार वालों को बताया तब एक छात्रा की मां ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। मामला 21 मार्च का है। पुलिस ने 28 मार्च की रात प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। महिला ने बताया कि उनकी दो बेटियां और पड़ोसी की बेटी नोएडा सेक्टर 62 में कोचिंग पढ़ने जाती हैं। 21 मार्च को तीनों किशोरियां घर से कोचिंग के लिए निकली थीं। तभी प्रेम विहार स्थित शराब ठेके के पास छह सात लड़के मिले, जिन्होंने बेटियों को रोक लिया। काफी देर शोहदे फब्तियां कसते रहे। इसके बाद जबरन मोबाइल नंबर ले लिया। बताया कि पहले भी आरोपी कई बार आते-जाते समय इस तरह की हरकतें कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

### कराटे टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।** नॉर्थ वेस्ट कराटे प्रतियोगिता के लिए कराटे वेलफेयर सोसाइटी की दस सदस्यीय टीम को लोहिया नगर स्थित कार्यालय से रविवार को रवाना किया गया। मुख्य अतिथि राम अवतार जिंदल ने सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई दी। अध्यक्ष विजय कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता वसुंधरा में आज खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले 20 वर्षों से कराटे व आत्मरक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और हजारों खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर चुकी है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इस दौरान राजीव मुंडेलवाल, कोच तुषार ठाकुर व प्रगति सिंह, अंश भंडारी, मनुश्री परिहार, अक्षिता कटियार, विराट कुमार, आयुष अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## द्वारका पुलिस ने घर में चोरी का मामला सुलझाया, नाबालिग समेत 3 आरोपी पकड़े

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

द्वारका जिले के द्वारका साउथ पुलिस स्टेशन की टीम ने घर में सेंधमारी का मामले में 1 सीसीएल (कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे) समेत 3 आरोपियों को पकड़ा है। साथ ही 100 प्रतिशत रिकवरी भी की। 16 मार्च को द्वारका साउथ पुलिस स्टेशन में सेक्टर-7 में एक घर में चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि किसी ने उसके घर की लोहे की खिड़की तोड़ दी और घर में घुसकर चांदी के सिक्के, भगवान गणेश की मूर्ति, राधा-कृष्ण की मूर्ति, 75,000 रुपए का एक मोंट ब्लैंक पेन, तांबे के तार, 7 कीमती घड़ियां और अन्य कीमती चीजें चुरा ली हैं। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर द्वारका साउथ पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।



# एलपीजी सिलिंडर से ताबड़तोड़ वार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट, बुरी तरह फट गया सिर

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**



दक्षिण पश्चिम जिले के पुल प्रहलादपुर थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली एक घटना के तहत एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की एलपीजी के छोटे सिलिंडर से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी। सिलेंडर के वार से पत्नी पूनम (32 साल) का सिर बुरी तरह फट गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है और घर से फरार हुए पति सुरेश (35 साल) को इलाके से ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी की मेडिकल जांच करवा रही है और यह पता लग रही है कि क्या आरोपी ने शराब के नशे में इस बार दांत को अंजाम दिया है।

दक्षिण पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी पति सुरेश पत्नी पूनम, 2 साल और 4 साल की दो बच्चियों के साथ पुल पहलादपुर इलाके में डीडीए फ्लैट में रहता था। आरोपी प्राइवेट नौकरी करता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसका पत्नी से अक्सर झगड़ा होता रहता था। बताया जा रहा है कि पत्नी इसके घर वालों को पसंद नहीं करती थी। इस बात पर झगड़ा होता था। रात को भी इन दोनों के बीच झगड़ा हुआ और झगड़े ने इतना विकराल रूप ले लिया कि आरोपी सुरेश ने छोटे एलपीजी सिलेंडर को उठाकर पूनम के सिर पर ताबड़तोड़ दे मारा। पड़ोस में झगड़ा होते देख पड़ोसी ने इसकी पुलिस को कॉल की। सूचना के बाद पुल पहलादपुर थाना एसएचओ, एटीओ सुनील चंदेलिया व एसआई शमशेर के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूनम को तुरंत एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# संघर्ष, सेवा और संवेदना के प्रतीकः बाऊजी श्री ओम प्रकाश जिंदल जी

**» कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 30 मार्च।**



दुनिया में कुछ महान व्यक्तित्व ऐसे होते है जिनका प्रभाव केवल उनके जीवनकाल तक सीमित नहीं रहता बल्कि वे पीढ़ियों तक समाज को दिशा और प्रेरणा देते रहते है।

बाऊजी श्री ओम प्रकाश जिंदल जी ऐसे ही युगदृष्टा, कर्मयोगी और जननायक थे जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा, न्याय और मानवीय संवेदनाओं के लिए समर्पित कर दिया।

बाऊजी का मानना था कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नही बल्कि जनकल्याण और सामाजिक न्याय का सशक्त उपकरण है।

जब हरियाणा राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा था और देश स्वतंत्रता के चार दशक पार कर चुका था तब उन्होंने समाज की एक गंभीर सच्चाई को महसूस किया.

उन्होंने देखा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की भावना के अनुरूप अभी भी दलितों, पिछड़ों, वंचितों और किसानों को उनका पूर्ण अधिकार और सम्मान नहीं मिल पाया है यही सोच उन्हें सक्रिय राजनीति में लेकर आई कुरुक्षेत्र की पावन भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाते हुए बाऊजी ने वर्ष 1996 में जनता का विश्वास जीतकर संसद में प्रवेश किया.

उनका उद्देश्य स्पष्ट और दृढ़ था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना बाऊजी केवल एक सफल उद्योगपति या कुशल राजनेता ही नहीं थे बल्कि वे एक संवेदनशील समाज सुधारक भी थे.

उन्होंने अपने जीवन का ध्येय दलितों, किसानों और वंचित वर्गों के उत्थान को बनाया संसद और हरियाणा विधानसभा में उनकी प्रभावशाली आवाज जहां नीतिगत बदलाव की मांग करती थी वहीं जमीनी स्तर पर उनके प्रयास समाज में वास्तविक परिवर्तन लाने में सहायक बने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में उनका जनसंपर्क और जनसेवा का तरीका अद्वितीय था.

उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लगभग 967 गांवों का दौरा कर ग्रामीण समाज की आवश्यकताओं को गहराई से समझा उन्होंने यह महसूस किया कि गांवों में चौपाल केवल एक स्थान नही बल्कि सामाजिक संवाद, एकता और सामूहिक निर्णय का केंद्र होती है.

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह 7 अप्रैल को होगा आयोजितः डॉ. धर्म पाल

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 30 मार्च। इग्नू के 39वें दीक्षांत समारोह के संबंध में क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह दिनांक 7 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली स्थित इग्नू मुख्यालय, मैदान गढ़ी में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर इग्नू मुख्यालय पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इस वर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन इग्नू के सभी क्षेत्रीय केंद्रों पर एक साथ किया जाएगा, जिससे करनाल क्षेत्रीय केंद्र से जुड़े विद्यार्थियों को भी इस महत्वपूर्ण अवसर में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि केवल वही विद्यार्थी दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हो सकेंगे, जिन्होंने निर्धारित 600 रुपये का पंजीकरण शुल्क जमा किया है तथा अपनी उपस्थिति की सहमति प्रदान की है। क्षेत्रीय केंद्र द्वारा चयनित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को ही दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया जाएगा, जिससे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जा सके।

दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों को उनके डिग्री, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र कार्यक्रम स्थल पर ही प्रदान किए जाएंगे। जो विद्यार्थी किसी कारणवश समारोह में उपस्थित नहीं हो पाएंगे, वे किसी भी कार्यदिवस पर क्षेत्रीय केंद्र करनाल से अपने प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, जिन विद्यार्थियों ने डाक द्वारा अपना प्रमाण पत्र माँगा है उन्हें डाक द्वारा उनका प्रमाण पत्र दीक्षांत समारोह उपरान्त भेज दिया जायेगा।

डॉ. धर्मपाल ने विद्यार्थियों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक अपना पंजीकरण शुल्क जमा किया है और जिन्हे क्षेत्रीय केंद्र द्वारा बुलाया जायेगा केवल वही विद्यार्थी अपनी डिग्री लेने पहुंचे अन्य किसी विद्यार्थी को दीक्षांत समारोह वाले दिन डिग्री नहीं प्रदान की जाएगी अंत में उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और सभी पात्र विद्यार्थियों को इसमें भाग लेकर अपने शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव मनाना चाहिए।



## ग्रेटर नोएडा में इंडियास्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ, देशभर से 650 युवा ले रहे हिस्सा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।

कौशल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाला भारत का प्रमुख मंच इंडियास्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का ग्रेटर नोएडा में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुभारंभ हुआ। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में आयोजित और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा समर्थित यह प्रतियोगिता देश भर से 650 से अधिक कुशल युवाओं को एक साथ लाती है। ये सभी युवा राष्ट्रीय और वैश्विक उद्योग मानकों के अनुरूप 63 कौशल श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण और विकसित भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर में आयोजित पांच क्षेत्रीय दौरों से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवार विजेता बनकर उभरे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित इन क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में हजारों उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक ने असाधारण तकनीकी विशेषज्ञता, अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। आज यहां एकत्रित हुए फाइनलिस्ट इन कठोर चयन चरणों से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एमएसडीई की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कहा, 'शिक्षा ज्ञान का निर्माण करती है लेकिन कौशल उस ज्ञान को उद्देश्य और शक्ति प्रदान करते हैं। तेजी से बदलती दुनिया में किसी राष्ट्र की असली ताकत आजीवन सीखने की प्रतिबद्धता और शिल्प कौशल पर गर्व में निहित है।

इंडिया स्किल्स जैसे मंचों के माध्यम से, हम ऐसे आदर्शों को आगे बढ़ा कर रहे हैं जो युवा भारतीयों को कौशल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। शंघाई में आयोजित होने वाली वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता में एक मजबूत प्रतिनिधिमंडल भेजने की तैयारी के साथ हम यह स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि भारत दुनिया के सबसे कुशल कार्यबलों में से एक का निर्माण कर रहा है।'

## कलायत में अखिल भारतीय नायक सभा की बैठक सम्पन्न, सदस्यता व जागरूकता अभियान पर जोर



हरियाणा, यूटर्न/ 30 मार्च। अखिल भारतीय नायक सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम कुमार नायक की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान कलायत में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हरभगवान सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभिन्न स्थानों से पहुंचे समाज के प्रतिनिधियों ने अपने विचार और सुझाव साझा किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान और जागरूकता अभियान को तेज करना तथा समाज के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए हरभगवान सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय नायक सभा का वर्तमान कार्यकाल मई माह में पूरा हो रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव समय पर कराए जाएंगे या सर्वसम्मति से चयन किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 26 अप्रैल 2026 को चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। इसके साथ ही 20 अप्रैल तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और 23 अप्रैल तक विभिन्न पदों के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। सभी पदों के लिए अलग-अलग आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। चुनाव में वही सदस्य आवेदन कर सकेंगे जो कम से कम तीन वर्षों से सभा के सक्रिय सदस्य हों। इस अवसर पर इंदरजीत शेखावत, श्योराम, देशराज, रवि, ऋषि कुमार, अशोक, सुरेंद्र, संजय, सतबीर, सुरेंद्र कुमार, शीशपाल, राजेश नायक, सतबीर, जिले सिंह, सतबीर, भीम, ओमप्रकाश, मांगे राम, प्रवीण कुमार, सुरजीत, विजय कुमार सहित नायक समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गैस उपभोक्ता अवैध ओटीपी आने पर कंट्रोल रूम को करें, सुचितः दिव्या जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक

पानीपत, यूटर्न/ 30 मार्च। जिला खाद्द्य एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी दिव्या ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी गैस उपभोक्ता के पास अवैध ओ.टी.पी./बुकिंग हो गई, सिलैण्डर नोट रिसीव का एस.एम.एस. आता है तथा ब्लैक मार्केटिंग बारे सूचना खाद्द्य एवं पूर्ति विभाग के कन्ट्रोल रूम नम्बर 114, लघु सचिवालय तथा दूरभाष नम्बर 0180-2653850 पर शिकायत दर्ज करवाना सुनिश्चित करें ताकि तुरन्त आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

### गाजियाबाद की सोसाइटी में बिल्डिंग से कूदकर युवक ने की आत्महत्या

गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च। दिल्ली से सटे गाजियाबाद की एक सोसाइटी में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। नन्दग्राम थाना क्षेत्र में स्थित राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में सोमवार सुबह एक व्यक्ति ने बिल्डिंग की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। नंदग्राम पुलिस के अनुसार, सोमवार को सूचना मिली कि राजनगर एक्सटेंशन की एक सोसाइटी में एक व्यक्ति ने बिल्डिंग से छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। जांच में मृतक की पहचान रघुकुल तिलक (40) के रूप में हुई है।

## अखिल भारतीय सेवा संघ की डिनर मीटिंग में 2026-27 पीएसटी टीम का गठन, हेमंत आहूजा बने अध्यक्ष





» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 30 मार्च। 29 मार्च 2026 को अखिल भारतीय सेवा संघ के सभी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण डिनर मीटिंग बफेट बास्केट रेस्टोरेंट में आयोजित हुई। इस बैठक में चुनावी प्रक्रिया संपन्न कर सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 की नई पीएसटी टीम का चयन किया गया। नई टीम में संरक्षक के रूप में विनोद गोयल, अध्यक्ष डॉ हेमंत आहुजा, सचिव गुलशन कथूरिया और कोषाध्यक्ष संजीव राजपाल को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर के कई प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें राष्ट्रीय संरक्षक डॉ योगेश बिदानी, अध्यक्ष डॉ इंदर गोयल, महासचिव विनोद धवन, प्रमोद सचदेवा, प्रांतीय संरक्षक राजेंद्र सपड़ा, अध्यक्ष महेंद्र सेहतिया, महासचिव आकाश सैन, कोषाध्यक्ष संदीप भाटिया सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। हिसार टीम से गौरव भाटिया, विनोद सोनी, रंजीव राजपाल, जतिन वधवा, विनोद वर्मा, अजय ग्रोवर, राजेंद्र मेहता, नरेंद्र ढुल, डिम्पल कथूरिया, सुरेंद्र सिंह सैनी, सुरेश बत्रा, मोहिंदर सांखला, प्रदीप कटारिया, राधेश्याम मेहता, अशोक सरदाना और अरविंद दुआ की उपस्थिति रही। साथ ही हितेश कथूरिया और योनिक कथूरिया भी समाज सेवा कार्यों को समझने के उद्देश्य से बैठक में शामिल हुए।

हिसार महिला टीम की ओर से प्रांतीय महिला प्रमुख सरूचि असीजा, अध्यक्ष सुनैना नागपाल और कोषाध्यक्ष स्वाति ढींगरा भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान हिसार शाखा ने राष्ट्रीय और प्रांतीय टीम के सदस्यों का पटका पहनाकर सम्मान किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय और प्रांतीय टीम ने नवगठित 2026-27 पीएसटी टीम को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। बैठक का समापन संगठन की आगामी सामाजिक गतिविधियों और जनसेवा कार्यों को और प्रभावी बनाने के संकल्प के साथ हुआ।



## नफे सिंह नैन के आवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

हरियाणा, यूटर्न/ 30 मार्च। नरवाना विधानसभा क्षेत्र के गांव जाजनवाला में वरिष्ठ समाजसेवी नफे सिंह नैन के आवास पर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया का आगमन हुआ। इस अवसर पर जिला जींद, हिसार और हांसी से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी नफे सिंह नैन ने कहा कि प्रदेश महामंत्री ने अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर उन्हें सम्मान दिया, जिसके लिए वे हृदय से आभारी हैं। उन्होंने बताया कि सुरेन्द्र पूनिया के मिलनसार और सरल स्वभाव के कारण हर कार्यकर्ता उनसे प्रभावित है। वहीं, सुरेन्द्र पूनिया ने स्वागत एवं सम्मान के लिए नफे सिंह नैन और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं और उनसे मिलकर नई ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद और संपर्क संगठन को मजबूत और गतिशील बनाता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### फ्लैट में घुसकर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।** मधुबन-बापूधाम के ई ब्लॉक स्थित फ्लैट में घुसकर मारपीट की शिकायत की गई है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि गौरव कुमार की शिकायत पर बलविंदर और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गौरव कुमार ने शिकायत में बताया कि 27 मार्च को रात करीब आठ बजे छोटा भाई रोहित कुमार व चाचा महकार सिंह और गांव के रिश्तेदार व उनके बच्चे घर पर मौजूद थे। इसी दौरान एक कार फ्लैट के बाहर आकर रुकी। इसमें बलविंदर समेत चार लोग थे। आरोप है कि चारों ने फ्लैट का दरवाजा तोड़ा और अंदर घुस आए। इसके बाद पूरे परिवार से मारपीट की। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### गोदाम की दीवार तोड़कर छह भरे गैस सिलिंडर चोरी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।** एलपीजी गैस सिलिंडर की किल्लत और लॉकडाउन जैसी अफवाहों के बीच टीलामोड़ थानाक्षेत्र में एलपीजी गैस सिलिंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। भनेड़ा राजपुरा मार्ग स्थित एचपी गैस एजेंसी के गोदाम की दीवार तोड़ कर चोरों ने छह भरे हुए घरेलू गैस सिलिंडर चोरी कर लिए। मामला 27 मार्च की देर रात का है। 28 मार्च की सुबह एजेंसी मालिक इंदिरापुरम के न्यायखंड तीन निवासी मोहित कुमार को जानकारी हुई। पुलिस ने शनिवार रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज कराई प्राथमिकी में मोहित कुमार ने बताया कि वह टीलामोड़ क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलिंडर की एजेंसी संचालित करते हैं। 28 मार्च की सुबह चौकीदार शेर सिंह ने रोज की तरह शोर मचाया तब छह चोर टूटी हुई दीवार के रास्ते बाहर निकलकर भाग गए। सुरक्षा गार्ड ने कॉल करके गोदाम की दीवार टूटी होने की जानकारी दी। जब वह मौके पर पहुंचे तब पता चला कि गोदाम के पीछे की दीवार टूटी हुई थी। तीन सुरक्षा जालियां भी टूटी व क्षतिग्रस्त मिलीं। जब उन्होंने स्टाफ कर्मियों को बुलाकर स्टॉक की जांच कराई तब छह एलपीजी सिलिंडर गायब मिले। बताया कि गोदाम के बाहर एक बाइक और एक स्कूटी लावारिस पड़ी मिली। अंदेशा जताया जा रहा है कि चोर दो वाहनों से गोदाम तक पहुंचे और सिलिंडर चोरी कर किसी अन्य वाहन से लेकर भागे होंगे। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को बुलाया और तहरीर दी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## पंखे-कूलर बंद करने के लिए हो जाएं तैयार

# बारिश बदलेगी मौसम का मिजाज, दिल्ली में आज यलो अलर्ट



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से सोमवार को मौसम एक बार फिर बिगड़ सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ फिर से बारिश होने की संभावना है, जिससे पारे में गिरावट आएगी। मौसम विभाग ने सप्ताहांत के इस बदलाव को देखते हुए सोमवार के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

इसके अलावा, साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 31 मार्च को भी दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में अचानक गरज चमक के साथ बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इस दिन आसमान में बादलों की मौजूदगी बनी रहने का भी अनुमान है।

रविवार को दिनभर तेज धूप के चलते लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। इस दौरान लोग पसीने से तरबतर दिखाई दिए। सुबह से ही निकल रही तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान किया हुआ था। हालांकि, मौसम विभाग ने रविवार के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया हुआ था। लेकिन, खबर लिखे जाने तक बारिश की मौजूदगी दर्ज नहीं की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 36.2 और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 83 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 33 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मार्च में यह असामान्य मौसम उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभों की एक श्रृंखला से जुड़ा है।

### पहली और दो अप्रैल को बारिश नहीं

इसके बाद दिल्ली में पहली और दो अप्रैल को मौसम सामान्य रहेगा लेकिन बादल नजर आ सकते हैं। इन दोनों ही तारीखों पर बारिश नहीं होगी। इन दोनों ही दिन तापमान में बढ़ोतरी देखी जाएगी। 31 मार्च को दिल्ली में अधिकतम तापमान 29 से 31 डिग्री तो पहली अप्रैल को 31-33 और दो अप्रैल को 32 से 34 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इसके बाद तीन अप्रैल को मौसम बदलने और बारिश के कारण इसमें कमी आने का अनुमान है।

### 3 और 4 अप्रैल को भी होगी बारिश

मौसम विभाग ने 3 और 4 अप्रैल को दिल्ली में गरज चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इससे मौसम एकबार फिर सुहावना हो जाएगा। इस दिन दिल्ली में 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह यानी तीन अप्रैल तक अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस से आगे नहीं जाएगा।

**खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंची हवा:** हवा की गति धीमी होने के कारण फिजा खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई है। ऐसे में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 198 दर्ज किया गया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 44 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 260 दर्ज किया गया, यह हवा की खराब श्रेणी है। वहीं, गुरुग्राम में 230, गाजियाबाद में 229 और नोएडा में 204 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 172 दर्ज किया गया।

## हिंडन एयरपोर्ट पर जल्द मिलेंगे 10 रुपये के समोसे और चाय

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।**

यात्रियों को किफायती दरों पर गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए जल्द ही हिंडन एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे का भी शुभारंभ होगा। इसके तहत यात्रियों को एयरपोर्ट पर दस रुपये की चाय व इसी रेट में समोसे के साथ ही अन्य स्नैक्स मिल सकेंगे। हिंडन एयरपोर्ट निदेशक डॉ. चिलका महेश ने बताया कि एक-एक कर एयरपोर्ट पर सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट विस्तार का कार्य चल रहा है। विस्तार होते ही अन्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। इनमें उड़ान यात्री कैफे और किड्स जोन शामिल हैं। उड़ान यात्री कैफे में एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सकेगी। इसमें 10 रुपये की चाय और 20 रुपये की कॉफी के साथ ही 10 रुपये के समोसे व अन्य स्नैक्स मिल सकेंगे। इसका उद्देश्य विमान से उड़ान भरने वाले यात्रियों को सस्ता खाना उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि अब तक देश के 11 एयरपोर्ट पर इसकी शुरूआत हो चुकी है।

इनमें पुणे, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, भुवनेश्वर आदि शामिल हैं। फिलहाल दिल्ली एनसीआर के किसी भी एयरपोर्ट पर इसकी सुविधा नहीं है। जल्द ही हिंडन एयरपोर्ट पर इसकी शुरूआत हो सकेगी।

## मामा के झगड़े का बीच-बचाव करने गए भांजों को मारा चाकू

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।** शहीद नगर निवासी सलमान और अमन पर क्षेत्र के ही रहने वाले तीन युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। दोनों भाई अपने मामा के झगड़े का बीच-बचाव करने पहुंचे थे। मामला 23 मार्च का है। पुलिस ने शहीद नगर निवासी मोविन, साहिल और यामीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में सलमान ने बताया कि 23 मार्च की रात करीब 10 बजे उनके मामा शकील का अपने पड़ोसी मोविन, साहिल और यामीन से झगड़ा हो गया था। शोर सुनकर वह भाई अमन के साथ वहां पहुंचे। तब आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब इसका विरोध किया तब आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी मारने की धमकी देकर भाग गए। परिवार वाले दोनों घायल भाइयों को लेकर एमएमजी अस्पताल पहुंचे और यहां इलाज हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।



## कहासुनी के बाद हुई हाथापाई चली गोली, एक घायल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में हाथापाई हो गई। इस दौरान एक पक्ष से किसी ने तमंचा निकाल लिया और छीना झपटी में गोली चल गई। गोली एक युवक के पेट से छूकर निकल गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया।

एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि अभी तहरीर किसी पक्ष ने नहीं दी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि नशे की हालत में गाली-गलौज के कारण विवाद हुआ था। सभी एक ही परिवार के हैं। तमंचा चलाने वाला बाहर का है। आरोपी की पहचान की जा रही है। जल्द ही गिरफ्त में लेकर पूछताछ की जाएगी। अमन शनिवार रात मेरेठ निवासी मौसी के बेटे के साथ घर के पास में ही बैठा था। इसी दौरान गजेंद्र उर्फ भूरा और उसके साथ दो अन्य लोग वहां से गुजर रहे थे। आरोप है कि अमन के मौसेरे भाई ने गजेंद्र से गाली-गलौज कर दी। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। अमन के मौसेरे भाई ने गजेंद्र पर तमंचा तान दिया। माहौल बिगड़ता देख अमन ने बीच-बचाव करते हुए तमंचा छीनने की कोशिश की। तभी छीना-झपटी के दौरान अचानक गोली चल गई, जो अमन के पेट के साइड में लगकर निकल गई। घायल अमन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## पुत्री को जान से मारने की धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।** नंदग्राम थाना क्षेत्र की रहने वाले व्यक्ति ने पुत्री की जान को खतरा बताकर पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि उनकी पुत्री का एक युवक से प्रेम संबंध था। लेकिन शादी से इन्कार पर फरवरी माह में युवक ने आत्महत्या कर ली। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते लड़का पक्ष के लोग पुत्री को जान से मारना चाहते हैं। एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नंदग्राम थाना क्षेत्र निवासी ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के ही एक लड़के के साथ उसकी पुत्री के प्रेम संबंध थे। दोनों एक दूसरे के साथ विवाह करना चाहते थे। लेकिन लड़के के परिजन इस पर राजी नहीं हुए। आरोप है कि इसी से आहत होकर फरवरी माह में लड़के ने आत्महत्या कर ली थी। इसकी सूचना के बाद उनकी पुत्री सदमे में आ गई। जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। लेकिन समय रहते उसको निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# जिम में कहासुनी होने पर दबंगों ने युवक पर डंबल से किया हमला

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।**

विजयनगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर की एक जिम में फीस बढ़ोतरी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने अपने आठ अज्ञात साथियों को बुलाकर जिम के भीतर ही युवक पर जान से मारने की नियत से डंबल और रॉड से सिर और कमर पर हमला कर दिया। इसके बाद मौके से मुख्य आरोपी फरार हो गया। कसरत कर रहे अन्य लोगों ने युवक को बचाया और पुलिस को सूचना देकर एक आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया।



सर्वोदय नगर निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि कई दिनों से राहुल गुर्जर नाम का युवक जिम में आकर फीस बढ़ने की बात कहकर परेशान कर रहा था। वह खुद को जिम का स्वामी भी बताता था। इस पर वेदप्रकाश ने जिम के मालिक से फीस बढ़ोतरी की पुष्टि की। जिम स्वामी ने ऐसी किसी भी बढ़ोतरी से इन्कार कर दिया।

पीड़ित का कहना है कि शनिवार को जब वह जिम करने गया तो राहुल गुर्जर ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी राहुल, रिषिक ने अपने आठ अज्ञात साथियों को बुलाकर वेदप्रकाश पर डंबल और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिर और शरीर में गंभीर चोट लगने से वेदप्रकाश बेसुध होकर गिर गए।

कसरत कर रहे अन्य लोगों को आता देख राहुल अपने अज्ञात साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। इस दौरान रिषिक को पकड़कर लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने रिषिक को गिरफ्तार कर लिया और वेदप्रकाश को अस्पताल भेज दिया। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। राहुल गुर्जर अभी फरार चल रहा है। उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 128 पैसे मजबूत होकर 93.57 पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 30 मार्च।** शुरूआती कारोबार में सोमवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 128 पैसे मजबूत होकर 93.57 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 पर खुला और फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.57 तक और मजबूत हुआ, जो पिछले बंद भाव से 128 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89 पैसे की भारी गिरावट के साथ अब तक के अपने निचले स्तर 94.85 पर बंद हुआ। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.09 पर कारोबार कर रहा था।

### ऑटो सेक्टर में तेज रफ्तार, मार्च 2026 में मजबूत बिक्री की उम्मीद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** ऑटो सेक्टर में इस समय जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है और मार्च 2026 कंपनियों के लिए मजबूत कमाई का संकेत दे रहा है। एक ब्रोकरेज फर्म की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के आखिरी महीने में लगभग सभी ऑटो सेगमेंट में अच्छी ग्रोथ दर्ज होने की संभावना है। बेहतर ग्राहक भावना, बढ़ती आय और आसान फाइनेंसिंग के चलते बाजार में मांग लगातार बनी हुई है। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में खास मजबूती दिख रही है। प्रमुख कंपनियों की रिटेल बिक्री में करीब 15 प्रतिशत की सालाना बढ़त का अनुमान है, जबकि थोक बिक्री में लगभग 20 प्रतिशत उछाल संभव है। महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स को नए मॉडल्स से फायदा मिल रहा है, वहीं टं१४३ र४९४ की मांग मजबूत है, हालांकि उत्पादन सीमाएं थोड़ी चुनौती बनी हुई हैं। दोपहिया सेगमेंट में भी तेजी कायम है।

# पीयूष गोयल ने संतुलित व उत्तरदायी विश्व व्यापार संगठन के महत्व पर दिया जोर

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संतुलित और उत्तरदायी विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महत्व पर जोर दिया, जो सभी सदस्य देशों, विशेष रूप से विकासशील देशों और सबसे कम विकसित देशों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से पूरा कर सके। पीयूष गोयल ने कैमरोन के यॉन्डे में आयोजित 14वीं डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी 14) के अवसर



परडब्ल्यूटीओ की महासचिव डॉ. एनगोजी ओकोंजो-इवियाला के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। सोशल साइट एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा, 'मैंने सम्मेलन की सफलता के लिए उनके निरंतर प्रयासों को सराहा।' उन्होंने सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए प्रधानमंत्री जोसेफ डियॉन एनगुटे और वाणिज्य मंत्री ल्यूक मैग्लोइरे मबार्गा अतांगना को भी बधाई दी। पीयूष गोयल ने कहा, 'मैं कैमरोन के लोगों की गर्मजोशी, उनकी अद्भुत संस्कृति और सुरम्य दृश्यावलियों की सुंदर यादें लेकर लौट रहा हूं।' सम्मेलन के दौरान गोयल ने यूरोपीय संघ के वाणिज्य आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों पक्षों ने एमसी 14 एजेंडा पर विचार साझा किए। हाल ही में समापन हुए भारत-ईयू एफटीए पर प्रगति की समीक्षा की और द्विपक्षीय व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के विकल्पों का पता लगाया।

गोयल और सेफकोविक ने डब्ल्यूटीओ सुधारों की आवश्यकता पर सहमति जताई और इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर कस्टम ड्यूटी पर स्थगन और निवेश सुविधा के लिए विकास समझौते (इनवेस्टमेंट फैसिलिएशन फॉर डेवलपमेंट एग्रीमेंट) पर विचार साझा किया।

# भारत में प्रोडक्ट डिजाइन नहीं करने वाली इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को नहीं मिलेगा सरकारी फायदा : वैष्णव

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को साफ कर दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) में शामिल कंपनियों को सरकारी सहायता तभी मिलेगी, जब वे भारत में प्रोडक्ट डिजाइन पर गंभीरता से निवेश करेंगी।


राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन और समर्थन अब इस बात से जुड़े होंगे कि कंपनियां देश में डिजाइन, क्वालिटी और इंजीनियरिंग क्षमताओं को कितना विकसित कर रही हैं।

मंत्री ने चेतावनी दी कि अगर कंपनियां सरकार की चार प्रमुख मांगों पर काम नहीं करती हैं, तो वह अगली इंडस्ट्री मीटिंग में शामिल भी नहीं होंगी।

वैष्णव ने कहा कि कंपनियों द्वारा डिजाइन और क्वालिटी क्षमताओं को विकसित करने की गति से वे निराश हैं, और अगर सुधार नहीं हुआ तो सरकार कड़े फैसले लेने को तैयार है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर इंडस्ट्री हमारी अपेक्षाओं के मुताबिक कदम नहीं उठाती है, तो हम आगे की मंजूरी और फंडिंग रोक सकते हैं।'

सरकार की अपेक्षाओं को बताते हुए मंत्री ने कहा कि कंपनियों को केवल असेंबली या बेसिक मैन्युफैक्चरिंग तक सीमित नहीं रहना



चाहिए, बल्कि उन्हें कॉन्सेप्चुअल डिजाइन, इंजीनियरिंग डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग डिजाइन तक अपनी क्षमता बढ़ानी होगी।

मंत्री ने यह भी कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, उनमें भी अगर शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो फंड जारी नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा, 'जिन आवेदनों को मंजूरी दी जा चुकी है, उनमें भी हम पैसा नहीं देंगे अगर हमारी शर्तें पूरी नहीं हुईं।'

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने इस स्कीम के चौथे चरण में 29 आवेदनों को मंजूरी दी है, जिनमें कुल 7,104 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। ईसीएमएस के तहत कुल 59,350 करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य था, जबकि अब तक 61,671 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को मंजूरी दी जा चुकी है।

वैष्णव ने कहा कि असली वैल्यू तभी बनती है, जब डिजाइन भारत में किया जाता है। उन्होंने बताया कि मैन्युफैक्चरिंग जरूरी है, लेकिन डिजाइन का महत्व उससे ज्यादा है क्योंकि यह ज्यादा जटिल और रणनीतिक प्रक्रिया है। वैश्विक गुणवत्ता मानकों की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्तर की क्वालिटी के लिए सिक्स सिग्मा जैसी प्रक्रियाएं जरूरी हैं। उन्होंने कहा, 'यह होना ही चाहिए; इसके बिना प्रोडक्ट पूरा नहीं माना जाएगा।' उन्होंने विश्वसनीयता, सटीकता और निरंतरता पर सरकार के फोकस को रेखांकित किया। मंत्री ने इंडस्ट्री से यह भी अपील की कि वे स्किल्ड मैनपावर तैयार करने पर ध्यान दें।

## कच्चे तेज की आंच से झुलसे एशियाई बाजार, ब्रेंट क्रूड 115 डॉलर के पार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** ईरान में जारी युद्ध और तेल कीमतों में तेज बढ़ोतरी की चिंता के बीच सोमवार सुबह एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली। एशियाई बाजारों में यह गिरावट पिछले शुक्रवार वॉल स्ट्रीट में आई बड़ी गिरावट के बाद देखने को मिली, जहां लगातार पांचवें सप्ताह बाजार नुकसान में बंद हुआ, जो लगभग चार साल में सबसे लंबा गिरावट का सिलसिला है। जापान का प्रमुख सूचकांक निक्केई 225 सुबह के कारोबार में 4.5 फीसदी गिरकर 50,979.54 पर आ गया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 1.2 फीसदी गिरकर 8,417.00 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3.2 फीसदी गिरकर 5,264.32 पर आ गया। हांगकांग का हैंग सेंग 1.7 फीसदी गिरकर 24,519.63 पर और शंघाई कम्पोजिट 0.7 फीसदी गिरकर 3,884.57 पर बंद हुआ। जापान और एशिया के अन्य देशों में होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुंच में बाधा को लेकर चिंता बढ़ गई है, क्योंकि यह क्षेत्र कच्चे तेल आपूर्ति के लिए इस मार्ग पर काफी निर्भर है।

## फाक्सवेगन के नए और अपडेटेड मॉडल लांच होंगे बाजार में

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** फाक्सवेगन कंपनी भारतीय बाजार में लगातार नई रणनीतियों पर काम कर रही है। कंपनी कुछ नए और अपडेटेड मॉडल पेश करने की तैयारी में है। ये नए और अपडेटेड मॉडल ग्राहकों की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए लॉन्च किए जाएंगे। फॉक्सवैगन की प्रमुख एसयूवी टायरोन का फिफायती संस्करण जल्द भारत में देखने को मिल सकता है। फिलहाल बाजार में इसका उच्च श्रेणी वाला आर-लाइन मॉडल उपलब्ध है, जिसकी कीमत अधिक है। कंपनी अब इसका कम सुविधाओं वाला संस्करण लाने की तैयारी कर रही है, जिसमें वही इंजन दिया जाएगा, लेकिन शक्ति और कुछ विशेष सुविधाएं कम हो सकती हैं, जिससे यह ज्यादा ग्राहकों की पहुंच में आए। पिछले साल लॉन्च हुई फाक्सवेगन गोल्फ जीटीआई को भारतीय बाजार में शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। इसकी सीमित संख्या में आई गाड़ियां बहुत जल्दी बिक गईं। कंपनी अब इसका नया बैच पेश करने की योजना बना रही है, जिसमें कुछ अतिरिक्त सुविधाएं भी जोड़ी जा सकती हैं। यह कार दमदार इंजन और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जानी जाती है, जिससे कार प्रेमियों के बीच इसका आकर्षण बरकरार रहेगा। इसके अलावा, लोकप्रिय एसयूवी फाक्सवेगन टाइगुन का नया संस्करण भी जल्द बाजार में आ सकता है। परीक्षण के दौरान इसका नया रूप कई बार देखा गया है। इसमें बाहरी डिजाइन में बदलाव के साथ नई ग्रिल, हेडलाइट, बंपर और पहियों का नया स्वरूप देखने को मिल सकता है। अंदरूनी हिस्से में भी कई आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जा सकती हैं। इसके अलावा इसमें अलग-अलग इंजन विकल्प दिए जाएंगे, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार विकल्प चुन सकेंगे।

# कच्चे तेल की कीमतों में 3 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल, 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर के करीब

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल दर्ज की गई। यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई, खासकर तब, जब यमन के ईरान समर्थित हूती समूह भी इस संघर्ष में शामिल हो गए।

अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 3.66 प्रतिशत तक बढ़कर 116.70 डॉलर प्रति बैरल के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया, जो 52 हफ्ते के उच्च स्तर के करीब है। वहीं अमेरिकी बेंचमार्क डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 3 प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 103 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया।

तेल की कीमतों में यह तेजी सप्ताहांत में हूती बलों द्वारा इजरायल पर किए गए मिसाइल हमलों के बाद आई है। हूती समूह ने चेतावनी दी है कि जब तक ईरान और उसके सहयोगी समूहों पर हमले बंद नहीं होते, तब तक वे अपने हमले जारी रखेंगे। इससे पहले से दबाव में चल रहे वैश्विक ऊर्जा बाजार में और जोखिम बढ़ गया है।

ब्रेंट क्रूड की कीमतें मार्च में 50 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ चुकी हैं, और अब यह फिर से युद्ध के शुरूआती दौर के ऊंचे स्तर के करीब पहुंच रही हैं, जबकि कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं।



विश्लेषकों का कहना है कि इस समय कच्चा तेल सबसे अहम आर्थिक कारक बन गया है। बाजार में अब यह संभावना जताई जा रही है कि सप्लाई में लंबे समय तक बाधा आ सकती है। कुछ वैश्विक अनुमानों के अनुसार, अगर तनाव जारी रहता है तो कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक भी पहुंच सकती हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि भारत जैसे आयात पर निर्भर देश के लिए यह स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है, क्योंकि इससे महंगाई बढ़ सकती है, कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ सकता है और चालू खाता घाटा भी बढ़ सकता है।

वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। अमेरिका में वॉल स्ट्रीट गिरावट के साथ बंद हुआ, जहां एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.67 प्रतिशत और नैस्डैक करीब 2 प्रतिशत नीचे रहा।

# आरबीआई की नई पहल से रुपए में मजबूती

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1 प्रतिशत बढ़कर खुला

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नई पहल के बाद सोमवार को भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले करीब 1.3 प्रतिशत मजबूत होकर 93.59 पर खुला।

दरअसल, आरबीआई ने विदेशी मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी पर लगाम लगाने के लिए बैंकों को निर्देश दिया है कि वे रुपए में अपनी ओपन पोजिशन को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित रखें, जिसका मकसद रुपए में गिरावट को रोकना है।

केंद्रीय बैंक ने अधिकृत डीलर बैंकों से कहा है कि वे दिन के अंत तक अपनी ऑनशोर पोजिशन 100 मिलियन डॉलर तक ही रखें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी कमर्शियल बैंक 10 अप्रैल तक इस नियम को लागू कर दें। बाजार की स्थिति के अनुसार आरबीआई आगे चलकर अलग-अलग सीमाएं भी तय कर सकता है।

अनुमान के मुताबिक, इस तरह की ओपन पोजिशन का आकार 25 अरब डॉलर से लेकर 50 अरब डॉलर से ज्यादा तक है। मार्च में वैश्विक तनाव के कारण रुपया 4 प्रतिशत से ज्यादा कमजोर हुआ था। पिछले शुक्रवार को यह करीब 1 प्रतिशत गिरकर 94.8125 तक पहुंच गया था और 94.84 के स्तर को छू लिया था। विश्लेषकों का कहना है कि कच्चे तेल



की लगातार ऊंची कीमतें रुपए और पूरी अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रही हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब पांचवें हफ्ते में पहुंच चुका है और इसमें और बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने, हूती विद्रोहियों के शामिल होने और अमेरिका द्वारा अतिरिक्त सैनिक भेजने के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत फिर बढ़कर करीब 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि पहले भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में थी, जहां तेज ग्रोथ, कम महंगाई और स्थिर घाटा था, लेकिन अब स्थिति कमजोर हुई है। अब आने वाले समय में जीडीपी ग्रोथ कम होने, महंगाई बढ़ने और राजकोषीय व चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है। हालांकि, बाजार ने इन जोखिमों को काफी हद तक पहले ही ध्यान में रख लिया है।

## तीन नई एसयूवी लॉन्च करेगी किआ इंडिया कंपनी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।** कार निर्माता कंपनी किआ इंडिया अब अपने प्रोडक्ट लाइनअप को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। किआ इंडिया कंपनी जल्द ही तीन नई एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में है, जिनमें हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक विकल्प भी शामिल होंगे। किआ की आने वाली गाड़ियों में किआ सोरेंटो हायब्रिड, किआ सेल्टोस जीटीएक्स प्लस और किआ सिरोज ईवी प्रमुख हैं। सोरेंटो हाइब्रिड को कंपनी इस साल के अंत तक लॉन्च कर सकती है। यह 7-सीटर एसयूवी होगी और भारत में किआ की पहली हाइब्रिड पेशकश मानी जा रही है। इसमें प्रीमियम डिजाइन, बड़े टचस्क्रीन, पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड सीट्स जैसे फीचर्स मिलने की संभावना है। इसकी कीमत 20 से 30 लाख रुपये के बीच हो सकती है। वहीं, कंपनी अपनी लोकप्रिय किआ सेल्टोस का नया टॉप-एंड वेरिएंट जीटीएक्स प्लस भी पेश करने जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रॉली के टायर के नीचे आकर घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मार्च।** न्यू कॉलोनी थाना क्षेत्र में 27 मार्च को ट्रैक्टर से गिरकर ट्रॉली के टायर के नीचे आकर घायल हुए युवक की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृत युवक के भाई दिनेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सड़क हादसे में मौत संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मृत युवक की पहचान सीतापुर (उत्तर प्रदेश) के बंधौना गांव निवासी दीपक कुमार (30) के रूप में हुई है। मृत युवक के भाई दिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च की रात करीब 8.44 बजे दीपक ट्रैक्टर पर बैठा था। चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए जा रहा था। इसी दौरान दीपक कुमार ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और ट्रॉली का पाहिया उसके ऊपर से उतर गया। इससे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान 28 मार्च को मौत हो गई।

### हल्की धूप और हवाओं से बदला मौसम का मिजाज

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मार्च।** मिलेनियम सिटी में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। रविवार सुबह हल्की धूप के साथ दिन की शुरूआत हुई और साथ ही चल रही हल्की हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। दोपहर करीब 12 बजे के बाद धूप थोड़ी तेज हो गई, जिससे लोगों को हल्की गर्मी का एहसास भी हुआ। हालांकि, बीच-बीच में चल रही हवाओं के कारण राहत बनी रही। रविवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा। बदलते मौसम के कारण तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे दिन और रात के मौसम में फर्क महसूस हो रहा है।

### समाज में एकजुटता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते सामाजिक आयोजन

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मार्च।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने कहा कि सामाजिक आयोजन समाज में एकजुटता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है कि हम एक ऐसे संवेदनशील और समावेशी समाज का निर्माण करें, जहां जाति, धर्म या क्षेत्र से परे प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। राज्यपाल रविवार की देर शाम स्थानीय अपैरल हाउस में बंगिया परिषद की स्थापना वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने उपरांत अपने संबोधन में संस्था के सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा करते कहा कि रक्तदान, अंगदान, जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें एवं वस्त्र उपलब्ध कराने जैसी पहलें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामुदायिक संगठनों को अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए सरकार, प्रशासन, कॉर्पोरेट क्षेत्र और अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ समन्वय बढ़ाना चाहिए। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, आपदा राहत और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में अधिक प्रभावी और व्यापक कार्य किया जा सकता है। राज्यपाल ने बंगिया परिषद के सदस्यों से आ'ान करते हुए कहा कि सभी मिलकर एक ऐसा मजबूत तंत्र विकसित करें, जिसमें सामुदायिक संगठनों को सशक्त बनाकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

# गृहकर वृद्धि पर तीन माह का आश्वासन, व्यापारियों ने स्थगित किया धरना




» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 मार्च।**

गृहकर की बढ़ी दरों के विरोध में चल रहा व्यापारियों का धरना रविवार को तीन माह में समस्या के समाधान के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। साथ ही व्यापारियों ने चेतावनी दी कि तय समयसीमा में समाधान नहीं होने पर दोबारा आंदोलन शुरू करेंगे। अपर नगर आयुक्त अनविंद्र कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एसके राय व जोनल प्रभारी सिटी आरपी सिंह व्यापारियों के बीच पहुंचे और धरना स्थगित कराया।

उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद के नेतृत्व में व्यापारियों ने गृहकर की बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग को लेकर घंटाघर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के सामने शनिवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। रविवार को भी सुबह 11 बजे से सैकड़ों व्यापारी धरने में शामिल हुए। दोपहर करीब 12 बजे निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बताया कि गृहकर वृद्धि का मुद्दा शासन स्तर पर लंबित है। इसके समाधान में लगभग तीन माह का समय लगेगा। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अवधि में किसी पर गृहकर जमा करने का दबाव नहीं बनाया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई संदेश भेजा जाएगा।

इस आश्वासन के बाद मंडल के जिलाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल और महानगर अध्यक्ष ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। इस मौके पर अशोक चावला, सुनील गोयल, मनोज गर्ग, नितिन वर्मा, राजदेव त्यागी, जुगल किशोर, विजय ढींगरा, राकेश पचौरी, सुखविंद्र, नीरज, अमित बंसल और जसवीर सिंह समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### शिकायत के जवाब में निगम बोला...न्यायालय के आदेश का हो रहा पालन

बसपा नेता और पटेल नगर द्वितीय बी ब्लॉक के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि उन्होंने 16 मार्च को उत्तर प्रदेश सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसका जवाब नगर निगम ने 29 मार्च को दिया। इसमें कहा गया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गृहकर की वसूली की जा रही है और नियमानुसार छूट भी दी जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब निगम हाईकोर्ट के आदेश का हवाला दे रहा है तो जनप्रतिनिधि लोगों को भ्रमित क्यों कर रहे हैं।

### २६३ करोड़ रुपये की वसूली

नगर निगम बढ़ी हुई दरों के तहत अब तक 263 करोड़ रुपये की वसूली कर चुका है। यह वसूली उस समय हुई, जब औद्योगिक क्षेत्र यूपीसीडा के अधीन जा चुका है। पिछले वर्ष निगम ने कुल 350 करोड़ रुपये का गृहकर संग्रह किया था।

### कॉपर केबल चोरी मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मार्च।** सोहना सिटी थाना क्षेत्र में आवासीय प्रोजेक्ट स्थल से अज्ञात लोगों ने कॉपर केबल की चोरी कर ली। केबल चोरी की वारदातें 16 मार्च, 17 मार्च व 20 मार्च की रात को हुई थी। कॉपर केबल चोरी मामले में मुख्य सिक्योरिटी अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। फरीदाबाद के शिवदुर्गा विहार निवासी प्रभाकर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह गंगा रियलिटी में मुख्य सिक्योरिटी अधिकारी के पद पर कार्यरत हूं। सोहना सेक्टर-5 स्थित आवासीय प्रोजेक्ट स्थल पर 16 मार्च, 17 मार्च व 20 मार्च की रात को कॉपर केबल की चोरी हुई, जिनकी कीमत करीब 79,400 रुपये है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सतबीर ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर कॉपर केबल चोरी करने वाले लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### घर से गहने व नकदी चोरी करने के मामले में महिला गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मार्च।** अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस ने घर से गहने व नकदी चोरी करने के मामले में महिला को दिल्ली के जौनापुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला आरोपी से 10 लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के गहने व वारदात में प्रयोग स्कूटी बरामद की है। महिला आरोपी की पहचान गुरुग्राम के सेक्टर-28, चकरपुर स्थित सरस्वती विहार निवासी शबाना थप्पा उर्फ शिवानी के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि महिला आरोपी पहले डीएलएफ फेज-3 में हरिचंद पाल के पड़ोस में रहती थी।

# थार के चालक दीपांशु को अदालत ने जमानत पर छोड़ा

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मार्च।**

पटौदी खंड के खोड गांव में 27 मार्च की रात को नाना सुभाष व उसके दो नवासों ईशांत व जैद खान को टक्कर मारने वाली थार के चालक दीपांशु को रविवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दीपांशु को जमानत पर छोड़ दिया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई व जांच कर रही है।

पटौदी थाने की पुलिस ने सुभाष व उसके नवासे ईशांत व जैद खान को टक्कर मारने वाली थार के चालक को गिरफ्तार किया था। आरोपी थार चालक की पहचान गुरुग्राम के गोरियावास गांव निवासी दीपांशु के रूप में हुई। दीपांशु ने बीसीए तक पढ़ाई की हुई है। दीपांशु ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह 27 मार्च की रात को तेज रफ्तार में थार को लेकर आ रहा था। खोड-लोकरा रोड पर सुभाष, ईशांत व जैद खान को टक्कर लग गई और हादसे में उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान खोड गांव



निवासी सुभाष (60) और भिवाड़ी (राजस्थान) के मिलकपुर गुर्जर गांव निवासी ईशांत (10) व जैद खान (8) के रूप में हुई थी। बतादें कि 27 मार्च को सुभाष अपने नवासे ईशांत व जैद खान को लेकर अपने भाई कुरसैद व आसु से मिलने खोड गांव से लोकरा रोड पर बने प्लॉटों में आया था। इसके बाद सुभाष दोनों नवासों को लेकर रात को खोड गांव वापस जा रहा था। जांच अधिकारी एएसआई तरुण ने बताया कि अदालत ने दीपांशु को जमानत पर छोड़ दिया है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। थार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा किया गया है।

# मेट्रो पोस्टर मामले का मुख्य आरोपी शब्बीर लोन गिरफ्तार, कोर्ट ने 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी और मेट्रो पोस्टर मामले से जुड़े हाल ही में पकड़े गए मॉड्यूल के संचालक शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है। शब्बीर अहमद लोन को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

स्पेशल सेल के अतिरिक्त कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि शब्बीर अहमद लोन को रविवार रात को दिल्ली के गाजीपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई की निगरानी डीसीपी प्रवीण त्रिपाठी ने की। शब्बीर एक ट्रेंड और हार्डकोर आतंकवादी है, जो पाकिस्तान में ट्रेनिंग ले चुका है और बांग्लादेश से अपना मॉड्यूल चला रहा था। यह संवेदनशील इलाकों में पोस्टर लगवा रहा था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट एरिया भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि शब्बीर के पास से अलग-अलग देशों की करेंसी बरामद हुई है। इसके पास से नेपाल का सिम कार्ड और करीब 23 सौ टका बांग्लादेश की करेंसी, लगभग 5 हजार की पाकिस्तानी करेंसी और 3 हजार की भारतीय करेंसी भी मिली है। पुलिस का कहना



है कि शब्बीर पहले भी एक मॉड्यूल का प्रमुख था, जिसमें सात बांग्लादेशी और एक भारतीय नागरिक शामिल थे। क्योंकि इस मॉड्यूल का खुलासा हो गया था, इसलिए वह अब नया मॉड्यूल बनाने के लिए भारत लौट आया था और वह लोगों को भर्ती करने और योजना बनाने के मकसद से आया था। कुशवाहा ने बताया कि शब्बीर अहमद लोन पहले भी 2007 में स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उस समय वह टारगेट किलिंग की योजना बना रहा था और उसके पास एके-47 और हैंड ग्रेनेड भी मिले थे। वह पाकिस्तान में ट्रेनिंग ले चुका है और कई बार खास मिशनों पर तैनात रह चुका है।

# निर्माणाधीन साइट पर सात श्रमिकों की मौत मामले में जांच कर रही कमेटी

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 30 मार्च।**

सिधरावली स्थित सिग्नेचर ग्लोबल की निर्माणाधीन साइट पर 9 मार्च की देर शाम एसटीपी के लिए खोदे गए गड्ढे में मिट्टी धंसने से सात श्रमिकों की मौत के मामले गठित की गई कमेटी जांच कर रही है। मामले में अभी कोई नई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

बिलासपुर थाने की पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 10 मार्च को प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश वीर निवासी चिरावली, हाथरस (उत्तर प्रदेश) और स्ट्रक्चर इंजीनियर विकास पांडे निवासी चुनार गांव, मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया था। हादसे



के 20 दिन बाद भी कंपनी और ठेकेदार कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। एक मृतक मजदूर सतीश के भाई विष्णु यादव ने शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर ग्लोबल सिटी ऑफ कलर्स कंपनी, बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी (बीआईसीपीएल), दीनदयाल शर्मा उर्फ डीडी शर्मा (ठेकेदार), दिनेशवीर (प्रोजेक्ट इंचार्ज), विकास पांडे (साइट स्ट्रक्चर इंचार्ज) व सेफ्टी इंचार्ज ऑफिसर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व सुरक्षा में लापरवाही से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

राष्ट्रीय व हरियाणा मानवाधिकार आयोग दोनों संगठन गुरुग्राम पुलिस व अन्य विभागों से मामले में रिपोर्ट भी मांग चुके हैं। पुलिस के अनुसार ठेकेदार दीनदयाल शर्मा उर्फ डीडी शर्मा भी इस हादसे में घायल हो गया था। वह राजस्थान के जयपुर स्थित एक अस्पताल में उपचाराधीन है। डीडी शर्मा का एक ऑपरेशन होना है और उसके अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पूछताछ की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा गठित कमेटी द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस भी अपने स्तर पर जांच व कार्रवाई कर रही है। ठेकेदार दीनदयाल शर्मा उर्फ डीडी शर्मा के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद जांच में शामिल करके पूछताछ की जाएगी। ठेकेदार से पूछताछ के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। -सुनील कुमार, प्रभारी इंस्पेक्टर, बिलासपुर थाना

# आईपीएल में सबसे कम गेंदों में 3000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज है ऋषभ



**मुम्बई, यूटर्न/ 30 मार्च।** आईपीएल में सबसे कम गेंदों का सामना करते हुए 3000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं। उन्होंने 2080 गेंदों का सामना करते हुए 3000 रन बनाए हैं। ऋषभ अभी लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान हैं और इस सत्र में उनके प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। सबसे कम गेंदों में 3000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में सूची में दूसरे नंबर पर पूर्व ऑलराउंडर युसूफ पठान हैं। पठान ने 2082 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं सूची में तीसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव का नाम है। यादव ने 2130 गेंदों का सामना करते हुए आईपीएल में अपने 3000 रन पूरे किए हैं।

इस सूची में चौथे स्थान पर पूर्व बल्लेबाज और सीएसके के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने 2135 गेंदों में 3000 रन बनाए हैं। रैना के बाद इस सूची में महेंद्र सिंह धोनी का नाम है। धोनी इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 2152 गेंदों में 3000 रन बनाने का कारनामा किया है। वहीं स सूची में अब 6वें नंबर पर ईशान किशन का नाम आ गया है और उन्होंने 2180 गेंदों में अपने तीन हजार रन पूरे किए हैं। लोकेश राहुल सूची में 7वें स्थान पर हैं, जिन्होंने 2203 गेंदों में 3000 एन बनाए थे। सनराजइर्स हैदराबाद की कप्तान संभाल रहे ईशान किशन ने आईपीएल के इस सत्र के पहले ही मैच में अपने इरादे जता दिये हैं। ईशान ने पहले ही मैच में 8 चौकों और 5 छक्कों की सहायता से 80 रन बनाकर किशन का स्ट्राइट रेट 210 से ज्यादा का रहा। इस धमाकेदार पारी के साथ ईशान ने 2180 गेंदों पर अपने 3000 रन पूरे किये। ईशान के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 2016 में अपना आईपीएल डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वह लगातार आगे बढ़त रहे हैं।

# सैम करन बोले, कोच मैक्कुलम से उनका हुआ था टकराव

» **लंदन, यूटर्न/ 30 मार्च।**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम और क्रिकेट डायरेक्टर रॉब की के रवैये पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। हाल ही में लियाम लिविंगस्टोन और जॉनी बेयरस्टो ने इन दोनो की नीतियों पर सवाल उठाये थे। वहीं अब ऑलराउंडर सैम करन ने कहा है कि एक बार टीम से बाहर किये जाने पर उनका कोच से टकराव तक हो गया था।

काउंटी क्रिकेट सत्र के ठीक पहले करन के आये इस बयान से साफ है कि इंग्लैंड की टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता है। करन ने कहा कि इसी कारण एक बार उन्होंने गुस्से में कोच से पूछ लिया कि उन्हें टेस्ट टीम से इतने लंबे समय तक बाहर क्यों रखा गया। करन एक साल से अधिक समय तक सीमित ओवर टीम से भी बाहर रहे थे।

करन ने कहा, मुझे लगता है कि यह उन चीजों में से एक है। मैं टीम से बाहर था और बस मैंने कोच से पूछा कि मुझे क्या करना है तब उन्होंने कहा कि जाओ कुछ रन बनाओ और कुछ विकेट लो। इसके बाद मैंने वही किया और इससे मुझे टीम में वापसी का अवसर मिला। मैंने इस प्रकार सही दिशा में पहल की। गौरतलब है कि कि सैम इंग्लैंड की टी20 विश्व कप की टीम में भी शामिल थे। यहां उन्होंने नेपाल के खिलाफ टीम को जीत भी दिलाई थी। पिछले सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 3 बार सबसे अधिक रन बनाये हैं। करन चोटिल होने के कारण इस बार आईपीएल से बाहर हैं।

> **करन ने कहा कि इसी कारण एक बार उन्होंने गुस्से में कोच से पूछ लिया कि उन्हें टेस्ट टीम से इतने लंबे समय तक बाहर क्यों रखा गया। करन एक साल से अधिक समय तक सीमित ओवर टीम से भी बाहर रहे थे।**






# पलक मुच्छल : नौ साल की उम्र में पहला एलबम 'चाइल्ड फॉर चिल्ड्रन', आज संगीत की दुनिया पर कर रहीं राज

संगीत की दुनिया में कुछ ही सिंगर्स ऐसे हैं, जिन्होंने कम उम्र में ही अपने हुनर से सबको हैरान कर दिया। पलक मुच्छल इन्हीं खास सिंगर्स में से एक हैं। आज पलक अपने सुरों की वजह से जानी जाती हैं। वह नेक कामों और चैरिटी के लिए भी पहचानी जाती हैं। पलक मुच्छल का जन्म 30 मार्च 1992 को मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में एक मिडिल क्लास परिवार में हुआ था। उनके घर में संगीत का माहौल था। उनकी मां अमृता मुच्छल और पिता राजकुमार मुच्छल ने हमेशा उनके हुनर को प्रोत्साहित किया। पलक का एक छोटा भाई पलाश मुच्छल भी संगीत से जुड़ा है। बचपन से ही पलक की आवाज में एक अलग मिठास और गहराई थी, जिसे सुनकर हर कोई प्रभावित हो जाता था। पलक ने सिर्फ चार साल की उम्र में ही गाना शुरू कर दिया था। उन्होंने शास्त्रीय संगीत की ट्रेनिंग ली और बहुत कम उम्र में ही मंचों पर अपनी आवाज का जादू बिखेरना शुरू कर दिया। पलक के करियर की शुरूआत तब हुई जब उन्होंने महज 9 साल की उम्र में अपना पहला एलबम 'चाइल्ड फॉर चिल्ड्रन' रिलीज किया। इस एलबम को टिप्स म्यूजिक ने रिलीज किया था। इस एलबम के जरिए उन्होंने साबित कर दिखाया कि छोटी उम्र में भी बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। पलक ने करियर में आगे बढ़ते हुए कई एलबम और सिंगल्स किए। 'पलकें', 'आओ तुम्हें चांद पर ले जाएं', 'बेटी हूं महाकाल की' और 'दिल के लिए' जैसी कई एलबमों ने उनके हुनर को और भी चमकाया। बॉलीवुड में पलक की पहचान तब बनी जब सलमान खान ने उन्हें नोटिस किया। साल 2011 में फिल्म 'दमादम' के साथ पलक ने बॉलीवुड में डेब्यू किया।



लीसा रे

# मिडलाइफ गिरावट नहीं, बल्कि खुद को अपग्रेड करने का समय है : लीसा रे

अभिनेत्री लीसा रे अक्सर सोशल मीडिया के जरिए स्वास्थ्य और उम्र बढ़ने को लेकर अपने विचार रखती हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने मिडलाइफ में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसके साथ उन्होंने बताया कि यह वीडियो साल 2026 की शुरूआत में बनाया था और अब वे मिडलाइफ एज महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े एक प्लेटफॉर्म से जुड़ चुकी हैं। लीसा ने लिखा, 'बहुत सी महिलाएं मुझे फॉलो कर रही हैं। मिडलाइफ आपसे धीमा होने के लिए नहीं कहती। यह आपसे कहती है कि आप और आगे बढ़ो।'

उन्होंने लिखा, 'एचआरटी लेना चाहिए या नहीं ?' यह सवाल नहीं है। असल सवाल ये है कि मैं इस नए अध्याय में स्वस्थ, ऊर्जावान और अपने सबसे बेहतरीन रूप में कैसे कदम रखूं? क्योंकि आपका ग्लो-अप किसी एक दवा से नहीं आता। यह स्वयं के नियंत्रण और जिम्मेदारी से आता है।'

उन्होंने बताया कि हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी मदद कर सकती है और कभी-कभी जीवन बदल भी सकती है, लेकिन मिडलाइफ सिर्फ एक गोली तक सीमित नहीं है। लिसा ने लिखा, 'यह वह समय है, जब आप अपने शरीर की सीईओ बन जाती हैं। कोई इंटर्न नहीं, कोई भ्रम नहीं और न ही अराजकता।

लीसा रे ने महिलाओं को कुछ व्यावहारिक सलाह भी दी। उन्होंने लिखा, 'वेट ट्रेनिंग अब अनिवार्य है, प्रोटीन और नींद को प्राथमिकता दें। नर्वस सिस्टम की देखभाल रोज करें, न कि कभी-कभी।' उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए लिखा कि अब महिलाएं अपनी सेहत का सिर्फ ध्यान न करें, बल्कि नेतृत्व करें। आराम, खुशी और ताकत के लिए किसी से माफी न मांगें। खुद को छोटा न करें, बल्कि सही तरीके से खुद को आकार दें।

अभिनेत्री ने लिखा, 'मिडलाइफ गिरावट की शुरूआत नहीं है। यह आपके ऑपरेटिंग सिस्टम को अपग्रेड करने का समय है। नया साल, नई ऊर्जा, और इस बार आप अपनी ताकत किसी और पर नहीं छोड़ रही हैं।'

# अब अमेरिका में मेजर लीग में खेलेंगे अश्विन

» **चेन्नई, यूटर्न/ 30 मार्च।**




दिग्गज पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अब अमेरिका में मेजर लीग (एमएलसी) टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेंगे। अश्विन ने इस लीग में खेलने के लिए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स फ्रैंचाइजी से करार किया है। इसके साथ ही अश्विन अमेरिकी लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। अश्विन ने दिसंबर 2024 में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद पिछले साल वह आईपीएल में सीएसके की ओर से उतरे थे पर उन्हें विशेष सफलता नहीं मिली। ऐसे में लीग के बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसी कारण अब वह विदेशी लीग की ओर मुड़े हैं।

वह पहली बार आईपीएल के अलावा किसी विदेशी टी-20 लीग में खेलते दिखेंगे। ये पहली बार होगा जब वह आईपीएल के अलावा किसी लीग में खेलते दिखेंगे। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी थंडर के साथ करार किया था पर तब फिट नहीं होने के कारण उन्हें नाम वापस लेना पड़ा था। अश्विन की टीम सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स अब तक एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। साल 2024 में वे फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन वॉशिंगटन फ्रीडम से हार गए थे। ऐसे में टीम को अब उम्मीद रहेगी कि अश्विन के आने से उसे जीत मिलेगी। वहीं अश्विन भी इस लीग में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उनका कहना है कि इस लीग से अमेरिका में क्रिकेट का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा, हाल ही में मैंने डलास में एक प्रदर्शनी मैच खेला था। वहां एशियाई मूल के लोगों का क्रिकेट के प्रति जुनून देखकर मुझे आश्चर्य हुआ था। वहां क्रिकेट की काफी संभावनाएं हैं। साथ ही कहा कि अमेरिका में रह रहे लोग और खासकर बच्चे जिस तरह से इस खेल के प्रति प्यार दिखा रहे हैं, उसे करीब से अनुभव करने के लिए मैं इस लीग में खेलने जा रहा हूं। साल 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में क्रिकेट भी शामिल किया गया है। उससे भी अमेरिका में क्रिकेट के प्रति आकर्षण बढ़ा है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# ईरान के कुवैत स्थित प्लांट पर हमले में भारतीय की मौत, संघर्ष में अब तक 8 भारतीयों की जान गई

» **कुवैत सिटी, यूटर्न/ 30 मार्च।**

कुवैत सरकार ने घोषणा की कि सोमवार तड़के ईरान द्वारा किए गए हमले में कुवैत के एक बिजली और जल विलवणीकरण (डिसेलिनेशन) संयंत्र पर काम कर रहे एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर कम से कम आठ हो गई है।

ैत के बिजली और जल मंत्रालय ने सोशल साइट एक्स पर पुष्टि की कि ईरान के हमले में संयंत्र की एक सेवा इमारत को भी नुकसान पहुंचा और इसे खाड़ी राष्ट्र के खिलाफ 'ईरानी आक्रमण' के



रूप में कड़ा निंदा की। मंत्रालय ने अरबी में कहा- 'इस हमले में एक कर्मचारी (भारतीय नागरिक) की मृत्यु हुई और भवन को गंभीर क्षति पहुंची।' अधिकारियों ने बताया कि आपातकालीन और तकनीकी प्रतिक्रिया टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। साथ ही, नुकसान को कम किया जा सके और संयंत्र के संचालन में बड़े व्यवधान से बचा जा सके। मंत्रालय ने जोर दिया कि 'बिजली और जल अवसंरचना की सुरक्षा और स्थिरता सर्वोच्च प्राथमिकता हैं' और तकनीकी टीमें किसी भी आगे के जोखिम की आशंका के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं ताकि आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यह घटना संयुक्त अरब अमीरात में हाल ही में हुई एक दुखद घटना के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें पिछले गुरुवार को अबू धाबी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी, जब एक बैलिस्टिक मिसाइल को इंटरसेप्ट किया गया और मलबे की वजह से वह घायल हो गया था। तत्कालीन समय में भारतीय दूतावास ने कहा था कि वह 'यूएई अधिकारियों के साथ निकटता से काम कर रहा है ताकि प्रभावित लोगों को सभी संभव समर्थन और सहायता प्रदान की जा सके।' शुक्रवार को हुई एक अंतर-मंत्रालयीय समीक्षा बैठक के बाद सरकार ने कहा था कि अब तक मध्य पूर्व संघर्ष में सात भारतीय नागरिक मारे गए हैं और एक व्यक्ति लापता है। सोमवार की घटना के बाद मृतकों की संख्या बढ़ गई है। यह संघर्ष अब अपने पांचवें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और यह तब शुरू हुआ जब संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर समन्वित हमले किए, जिससे क्षेत्र में व्यापक तनाव बढ़ गया।

## पालक अनुशासन और सख्ती के बीच की सीमा को समझे: विशेषज्ञ

**लंदन, यूटर्न/ 30 मार्च।** बच्चों के पालन-पोषण को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यदि माता-पिता अनुशासन के नाम पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण और कठोरता अपनाते हैं, तो इसका असर बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर नकारात्मक रूप से पड़ सकता है। पालकों को अनुशासन और अत्यधिक सख्ती के बीच की सीमा को समझना बेहद जरूरी है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार अत्यधिक सख्त वातावरण में पले-बढ़े बच्चे अक्सर आत्मविश्वास की कमी का सामना करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों के मन में डर के बजाय सम्मान और विश्वास की भावना विकसित करना ही स्वस्थ और सकारात्मक परवरिश की सबसे मजबूत नींव है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञ बताते हैं कि जब माता-पिता बच्चों के हर छोटे-बड़े फैसले को नियंत्रित करने लगते हैं और छोटी गलती पर भी सजा देते हैं, तो बच्चों में डर की भावना घर कर जाती है। ऐसे बच्चे खुद पर भरोसा करना कम कर देते हैं और हर समय गलती होने की आशंका में जीते हैं।

## ईरान का भारी जल संयंत्र बुरी तरह क्षतिग्रस्त, संचालन बंद: आईएईए

**वियना, यूटर्न/ 30 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि मध्य ईरान के खोंडाब में स्थित ईरान का भारी जल उत्पादन संयंत्र बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चल नहीं रहा है। आईएईए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'सैटेलाइट तस्वीरों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर आईएईए ने खोंडाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र की पुष्टि की है, जिस पर ईरान ने 27 मार्च को हमले की सूचना दी थी। संयंत्र को गंभीर क्षति पहुंची है और अब यह परिचालन में नहीं है। संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं है।' सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। 27 मार्च को आईएईए ने कहा कि उसे ईरान से सूचित किया गया था कि खोंडाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र पर हमला हुआ था, लेकिन उसने पुष्टि की कि रेडिएशन का कोई खतरा नहीं पाया गया। ये हमले 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष के बीच हुए हैं। शनिवार को इससे पहले, आईएईए ने पुष्टि की कि ईरान ने खोंडाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र सहित प्रमुख सुविधाओं पर नए हमलों की सूचना दी है।

## अमेरिकी कांग्रेस में ईरान के खिलाफ कार्रवाई को लेकर नाराजगी, सैनिकों और युद्ध शक्तियों में टकराव जारी

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 मार्च।** ईरान में ग्राउंड पर सेना तैनात करने की संभावना को लेकर अमेरिका के सीनेटरों में गहरी चिंता है। अमेरिका के वरिष्ठ नेताओं ने बढ़ते खतरों, साफ मकसद और कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत पर जोर दिया है। मीडिया में सैन्य कार्रवाई बढ़ने की खबरों के बीच यह बहस और तेज हो गई है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन ने बताया कि हजारों और अमेरिकी सेवा सदस्य मिडिल ईस्ट पहुंच रहे हैं, क्योंकि लड़ाई में एक नया मोर्चा खुल रहा है।' डेमोक्रेटिक सीनेटर एंडी किम ने और ज्यादा सैन्य दखल के खिलाफ चेतावनी दी और इस पल को हाल के दिनों में सबसे अहम पलों में से एक बताया। उन्होंने सीएनएन से कहा, 'हम ईरान में जमीन पर अमेरिकी सैनिक नहीं भेज सकते।' इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा कदम बहुत जोखिम भरा ऑपरेशन होगा। किम ने मिशन की रणनीतिक स्पष्टता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह 'सिर्फ इसे लंबा खींचेगा और ऐसे समय में खतरा बढ़ाएगा जब हमने पहले ही इतने सारे सैनिकों को खतरे में देखा है।' उन्होंने सैन्य संघर्ष की समाप्ति के लिए एक तय रुपरेखा की कमी पर भी चिंता जताई।

# ईरान के तेज पर अमेरिका की नजर

## खार्ग द्वीप पर कर सकता है कब्जा, राष्ट्रपति ट्रंप ने दिए संकेत

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 मार्च।**

पिछले एक महीने से जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान का तेल लेना चाहते हैं और देश के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा कर सकते हैं। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 'सच कहूं तो मेरी पसंदीदा चीज ईरान का तेल लेना है।' उन्होंने इसकी तुलना वेनेजुएला से की, जहां वाशिंगटन जनवरी में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने के बाद कथित तौर पर तेल उद्योग पर लंबे समय तक नियंत्रण रखना चाहता है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का तेल लेने का मतलब होगा खार्ग द्वीप पर कब्जा करना, जिसके जरिए ईरान के 90 प्रतिशत से ज्यादा तेल का निर्यात होता है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इस तरह के हमले से हताहतों की संख्या बढ़ने और युद्ध लंबा खिंचने का खतरा है। रिपोर्ट में ट्रंप के हवाले से कहा गया, 'हो सकता है हम खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लें, हो सकता है न करें। हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं।' उन्होंने कहा, 'इसका यह भी मतलब होगा कि हमें वहां कुछ समय तक रहना पड़ेगा।' राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि उनका मानना है कि द्वीप पर ईरान की सुरक्षा व्यवस्था बहुत कम या बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम बहुत



आसानी से इस पर कब्जा कर सकते हैं।' डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका मध्य पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है और ईरान से लगभग 1,000 पाउंड यूरेनियम निकालने के लिए संभावित सैन्य अभियान पर विचार कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप की सोच से परिचित एक अज्ञात सूत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि उन्होंने अपने सलाहकारों को इस बात के लिए दबाव डालने को भी कहा है कि ईरान युद्ध खत्म करने की शर्त के तौर पर यह सामग्री सौंपने पर राजी हो जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन इस क्षेत्र में 10,000 तक अतिरिक्त सैनिक तैनात कर रहा है।

## संकट गहराने के साथ ही क्यूबा अगला निशाना होगा

वॉशिंगटन, यूटर्न/ 30 मार्च। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि क्यूबा 'अगला होगा'जो पतन का सामना करेगा। उन्होंने द्वीपीय राष्ट्र को एक असफल राज्य बताने के साथ ही यह संकेत दिया कि वॉशिंगटन वहां के लोगों की स्थिति सुधारने के लिए तेल आपूर्ति की अनुमति देने को तैयार है। ट्रंप ने एयरफोर्स वन में पत्रकारों से कहा, 'क्यूबा अगला होगा क्यूबा बहुत खराब हालत में है। यह एक असफल देश है और यह अगला होगा।'उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका क्यूबाई-अमेरिकियों और अन्य प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आएगा। उन्होंने कहा, 'हम मदद के लिए वहां होंगे हम अपने महान क्यूबाई-अमेरिकियों की मदद के लिए वहां होंगे।' ट्रम्प ने क्यूबा की स्थिति के लिए उसके नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'उनका शासन खराब है। उनका नेतृत्व बहुत खराब और भ्रष्ट है।'

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान ने उड़ा दिया इजरायल का कैमिकल प्लांट

**तेलअवीव, यूटर्न/ 30 मार्च।** मध्य पूर्व में शांति की तमाम कोशिशों के बीच ईरान और इजरायल के बीच छिड़ा सैन्य संघर्ष अब और अधिक घातक होता जा रहा है। रविवार को दोनों देशों ने एक-दूसरे के रणनीतिक और नागरिक ठिकानों पर भीषण बमबारी की, जिससे क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है। दक्षिणी इजरायल में ईरान द्वारा दागी गई एक मिसाइल ने एक प्रमुख केमिकल प्लांट को निशाना बनाया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। यह संयंत्र कृषि रसायनों और फसल सुरक्षा सामग्री बनाने वाली कंपनी एडीएएमए के मख्तेशिम प्लांट का हिस्सा है। इस हमले के बाद इलाके में जहरीले रसायनों के रिसाव का गंभीर खतरा पैदा हो गया है, जिसके चलते प्रशासन ने स्थानीय निवासियों को घरों के अंदर रहने और खिड़कियां बंद रखने की सख्त हिदायत दी है।

### संकट अभी टला नहीं है, महायुद्ध से महाविनाश की तरफ बढ़ रहे अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 मार्च।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सनक ने पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। खुद अमेरिका उनका विरोध कर रहे हैं और महायुद्ध के लिए ट्रंप को जिम्मेदार मान रहे हैं। इसके बाद भी उनकी जंगी सनक कम होने का नाम नहीं ले रही है। हालात ये हैं दोनों देश महायुद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं इससे महाविनाश की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को बड़े स्तर पर बढ़ाते हुए 3,500 से अधिक अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती कर दी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि आधुनिक युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली अपने निर्धारित ऑपरेशनल जोन में पहुंच चुका है। इस युद्धपोत पर लगभग 2,500 मरीन सैनिक सवार हैं.

## यरूशलेम के पवित्र चर्च में वेटिकन कार्डिनल के प्रवेश पर रोक से इजराइल और इटली के बीच तनाव

» **यरूशलेम, यूटर्न/ 30 मार्च।**

यहां चर्च ऑफ द होली सेपल्चर के बाहर रविवार को एक अभूतपूर्व घटना घटी, जिसने ईसाई जगत और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में हलचल मचा दी है। इजराइली पुलिस ने वेटिकन के वरिष्ठ कार्डिनल पियरबतिस्ता पिज्जाबल्ला को रविवार की प्रार्थना सभा (संडे मास) के लिए चर्च में प्रवेश करने से रोक दिया। सदियों के इतिहास में यह संभवतः पहला मौका है जब किसी उच्च पदस्थ कार्डिनल को ईसाई धर्म के इस सबसे पवित्र स्थल में प्रवेश करने से वंचित किया गया हो। हालांकि, विवाद के तूल पकड़ने और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद रविवार रात प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें अंदर जाने की अनुमति प्रदान की।

यरूशलेम के लैटिन पैट्रिआर्केट के प्रमुख कार्डिनल पिज्जाबल्ला को उस समय रोका गया जब वे बिना किसी औपचारिक जुलूस या भीड़ के, निजी तौर पर धार्मिक अनुष्ठान के लिए आगे बढ़ रहे थे। चर्च प्रशासन के अनुसार, उनके साथ मोस्ट रेवरेंड फादर फ्रांसेस्को इलपो भी मौजूद थे। इजराइल के इस कड़े रुख ने इटली के साथ



उसके द्विपक्षीय संबंधों में दरार पैदा कर दी है। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इजराइली राजदूत को तलब किया और स्पष्टीकरण की मांग की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस कार्रवाई का बचाव करते हुए इसे सुरक्षा कारणों से जोड़ा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्पष्ट किया कि क्षेत्र में जारी सैन्य संघर्ष और सुरक्षा खतरों के मद्देनजर होम फ्रंट कमांड ने सुरक्षात्मक निर्देश जारी किए हैं। नेतन्याहू के अनुसार, पुराने शहर के सभी पवित्र स्थलों पर जान बचाने के उद्देश्य से कड़े प्रतिबंध लागू किए गए हैं, जो समान रूप से यहूदी, ईसाई और मुस्लिम स्थलों पर प्रभावी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे ही उन्हें कार्डिनल के साथ हुई घटना की जानकारी मिली.

## ईरान-अमेरिका संघर्ष के बीच दुनिया को इंटरनेट ब्लैक आउट का खतरा? भारत पर भी पड़ सकता है असर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 मार्च।**

ईरान और अमेरिका के बीच जारी इस भीषण संघर्ष का असर इंटरनेट केबल लाइन या सबमरीन केबल्स पर भी पड़ सकता है। अगर इस संघर्ष में इंटरनेट केबल्स को निशाना बनाया जाता है तो पूरी दुनिया एक तरीके से रुक जाएगी। दरअसल, आज के दौर में दुनिया के सभी देश पूरी तरह से इंटरनेट पर निर्भर हैं। इंटरनेट की वजह से दुनिया का एक कोना दूसरे कोने से जुड़ा हुआ है। ऐसे में अगर हमलों में सबमरीन केबल्स को निशाना बनाया जाता है, तो इससे होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाना भी मुश्किल होगा। आइए जानते हैं कि सबमरीन केबल्स का इंटरनेशनल रूट कौन-कौन सा है और होर्मुज स्ट्रेट में ताजा स्थिति का इस पर क्या असर हो सकता है। अगर सबमरीन केबल्स कट होते हैं, तो उन्हें वापस से शुरू करने में कितना समय लगता है? दुनिया में लगभग 95-97 फीसदी इंटरनेट की सप्लाई इन्हीं



सबमरीन केबल्स के जरिए होती है।

अगर संघर्ष और तेज होता है और इन केबल्स को नुकसान पहुंचता है, तो भारत सहित कई देशों में इंटरनेट की रफ्तार बहुत कम हो सकती है या कुछ क्षेत्रों में पूरी तरह ठप भी हो सकती है। इंटरनेट ठप होने से बैंकिंग, ऑनलाइन पेमेंट, ई-कॉमर्स, क्लाउड सर्विसेज और एआई हब्स पर सीधा असर पड़ेगा। इसकी वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को ऐसी चोट मिलेगी, जिससे उबरने में लंबा वक्त लगेगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *